देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 156 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**चुनावी खेल का आगाज



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 20 सितंबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 21.0⁰ | 37244.59

2 साउथ चाइना सी तक नौसेना की पहुंच

7 मैच से पहले हार्दिक उड़ा रहे छक्के

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के लिए 1350 करोड़ रुपये का पैकेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। कोरोना महामारी के कारण आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे जम्मू-कश्मीर के उद्योग व व्यापार जगत को पटरी पर लाने के साथ प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज 1350 करोड़ रूपये के आर्थिक पैकेज की घोषणा की। श्रीनगर राजभवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि मुझे आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे व्यवसाय समुदाय के लोगों के लिए 1,350 करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### चीन को बताया था गोपनीय रणनीति, हर सूचना पर मिलते थे 1000 डॉलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीते 14 सितंबर को दिल्ली से ऑफिशल सीक्रेट ऐक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए फ्रीलांस पत्रकार राजीव शर्मा को लेकर पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। पुलिस ने बताया है कि राजीव भारत की सीमा रणनीति की जानकारी चीनी खुफिया तंत्र को दे रहा था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी संजीव कुमार यादव ने बताया कि पत्रकार राजीव शर्मा 2016 से 2018 तक संवेदनशील जानकारी चीनी खुफिया अधिकारियों तक पहुंचा रहा था।

### कंगना ने यूपी में फिल्म सिटी बनाने के फैसले की सरहाना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कंगना रनौत लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं और ट्वीट पर ट्वीट कर रही हैं। इस बार उन्होंने कहा है कि जिन लोगों का मानना है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री टॉप पर है तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। वहीं, कंगना रनौत ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नोएडा में फिल्म सिटी बनाने के फैसले की सरहाना की है।

# अलकायदा के 9 आतंकी गिरफ्तार

## बंगाल और केरल में एनआइए की छापेमारी, बड़े हमले की थी तैयारी

- हमले करने के लिए आतंकवादियों को प्रेरित किया गया था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एनआइए ने बंगाल के मुर्शिदाबाद और केरल में एर्नाकुलम में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अलकायदा के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एनआइए ने शनिवार सुबह छापेमारी कर अलकायदा के 9 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बंगाल से 6 और केरल से 3 आतंकियों को पकड़ा गया है। आतंकवाद-रोधी जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र सहित कई स्थानों पर हमले करने के लिए इन आतंकवादियों को प्रेरित किया गया था।

जानकारी के अनुसार, ये आतंकी दिल्ली समेत देश में कई जगहों पर हमले की तैयारी में थे। ये अलकायदा के आतंकी कश्मीर जाकर हथियारों की डिलीवरी करने की फिराक में थे। एनआइए के अनुसार, बंगाल के मुर्शिदाबाद और केरल के एर्नाकुलम में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई और इन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। एनआइए ने बताया प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इन आतंकियों को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान स्थित अल-कायदा आतंकवादियों द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर हमले करने के लिए प्रेरित किया गया था। गिरफ्तार किए गए आतंकियों के पास से जिहादी साहित्य, देसी बंदूक, नुकीले हथियार, लोकल बना हुआ शरीर का कवच, विस्फोटक बनाने का सामान, डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज बरामद हुए हैं। अपने नापाक मंसूबों के लिए ये मॉड्यूल सक्रियता से फंड जुटाने के काम में लगे थे और हथियारों के लिए दिल्ली भी जाने की तैयारी कर रहे थे।

बताते चलें कि इससे पहले कोलकाता में एनआइए की एक अदालत में लश्कर-ए-तैयबा की संदिग्ध सदस्य तानिया परवीन के खिलाफ पिछले सप्ताह ही आरोप पत्र दायर कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर कथित तौर पर विभिन्न आतंकवादी संगठनों के संपर्क में थी।

### नई दिल्ली की यात्रा करने की योजना बना रहे थे

एनआइए के अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए 9 अलकायदा आतंकवादियों में बंगाल से लेउ यीन अहमद और अबू सुफियान और केरल के मोसराफ हुसैन और मुर्शीद हसन हैं। एनआइए के अधिकारियों ने बताया कि यह मॉड्यूल सक्रिय रूप से धन उगाहने में लगा था और गिरोह के कुछ सदस्य हथियारों और गोला-बारूद की खरीद के लिए नई दिल्ली की यात्रा करने की योजना बना रहे थे। इन गिरफ्तारियों से देश के विभिन्न हिस्सों में संभावित आतंकवादी हमले पहले से संभव हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी इन आतंकियों की पुलिस कस्टडी लेने और आगे की जांच करने के लिए इन्हें केरल और बंगाल में कोर्ट के समक्ष पेश करेगी। फिर इन्हें पूछताछ के लिए ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली भी ले जा सकती है।

### बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, धारदार हथियार, शरीर कवच बरामद

अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, जिहादी साहित्य, धारदार हथियार, देश-निर्मित आग के हथियार, एक स्थानीय रूप से निर्मित शरीर कवच और घर पर विस्फोटक उपकरण बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले लेखों और दस्तावेज बरामद किए गए हैं। यह ग्रुप निर्दोष लोगों की जान लेने के उद्देश्य से भारत में महत्वपूर्ण स्थानों पर आतंकी हमलों की साजिश रच रहा था।

# रिकवरी रेट बढ़कर 80 प्रतिशत, टॉप पर भारत

## पिछले 24 घंटे में 95 हजार से ज्यादा मरीज ठीक हो गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में तेजी से कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि भारत ने अब लोगों के ठीक होने के मामले में भी सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत ने कोविड-19 रोगियों के स्वस्थ होने के मामले में ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल करते हुए अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है और इस मामले में टॉप पर पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा कि देश में अब तक 42,08,431 कोविड-19 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं जो दुनिया के सभी देशों में संक्रमणमुक्त हुए रोगियों की सर्वाधिक संख्या है। देश में संक्रमण से स्वस्थ होने की दर करीब 80 प्रतिशत हो गई है, वहीं संक्रमण से मृत्यु दर घटकर 1.61 प्रतिशत रह गयी है।

**इन राज्यों में ज्यादा हैं ठीक होने वालों के आंकड़े:** मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए रोगियों के नए मामलों में करीब 60 फीसद मामले पांच राज्यों- महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा उत्तर प्रदेश से हैं।

इन्हीं पांच राज्यों में संक्रमण के सर्वाधिक मामले भी सामने आए। महाराष्ट्र में एक दिन में 22 हजार से अधिक लोग (23 प्रतिशत) स्वस्थ हुए हैं, वहीं संक्रमणमुक्त होने के नए मामलों में आंध्र प्रदेश में 11,000 (12.3 प्रतिशत) लोग हैं। मंत्रालय ने कहा, 'भारत बहुत अधिक संख्या में रोगियों के ठीक की दिशा में लगातार बढ़ रहा है। यह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष केंद्रित रणनीतियों के साथ मिले जुले प्रयास परिणाम है।'

**इन राज्यों में ज्यादा हैं ठीक होने वालों के आंकड़े:** मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए रोगियों के नए मामलों में करीब 60 फीसद मामले पांच राज्यों- महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा उत्तर प्रदेश से हैं।

### रिकवरी रेट 79.28 प्रतिशत



मंत्रालय ने कहा, 'अब भारत में दुनिया भर में संक्रमण से स्वस्थ हुए लोगों की करीब 19 प्रतिशत संख्या है। इसके कारण संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर मजबूती से सुधरकर 79.28 प्रतिशत हो गई है।' मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे की अवधि में देश में 95,880 लोग कोविड-19 से उबर चुके हैं और स्वस्थ हुए 90 प्रतिशत मामले 15 राज्यों तथा एक केंद्रशासित प्रदेश से आए हैं।

# कश्मीर में अमन बिगाड़ने की कोशिश में पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की शांति में खलल डालने की पाकिस्तान की नापाक कोशिश जारी है। शनिवार को जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ड्रोन की मदद से हथियारों की सप्लाई कर घाटी में शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है। डीजीपी ने कहा कि ड्रोन द्वारा हथियारों को गिराना चुनौतीपूर्ण है लेकिन हम इस तरह की हरकतों पर रोक लगाने में सफल रहे हैं।

**दो आतंकवादी भी पकड़े:** बता दें कि घाटी में आतंकवाद का सफाया करने के लिए सुरक्षाबल जीरो टॉलरेंस की नीति पर अभियान चला रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को भी दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, दोनों आतंकवादियों को अवंतिपोरा और ख्रू एरिया में पकड़ा गया। दोनों के पास हिजबुल मुजाहिद्दीन और अल-बद्र की सामग्री भी बरामद की गई है। इससे पहले शनिवार सुबह राजौरी में पुलिस ने तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार आतंकियों ने पूछताछ में बताया था कि वे प्रदेश के कई इलाकों में हमले की फिराक में थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि राजौरी के गुरजन इलाके में आतंकी एक मकान में छिपे हुए हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इलाके में ऑपरेशन कर तीन आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया। आतंकियों की पहचान राहिल बशीर उर्फ अयान भाई, अमीर जान उर्फ हमजा तथा हफीज यूनुस उर्फ जुबेर के रूप में हुई है। तीनों शोपियां तथा पुलवामा जिले के रहने वाले हैं। उनके कब्जे से पुलिस को दो एके-56 राइफल, दो पिस्टल, चार ग्रेनेड और एक लाख रुपये नकद भी बरामद हुए हैं।

### मुठभेड़

- सेना लगातार नाकाम कर रही मंसूबे: डीजीपी
- ड्रोन द्वारा हथियारों को गिराना चुनौतीपूर्ण

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत चीन विवाद में यूं ही नहीं कूदा रूस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- एशिया में बड़े प्लान पर काम कर रहे पुतिन

मॉस्को। भारत और चीन के बीच जारी विवाद में रूस की एंट्री से सियासी पंडित भी अचंभे में हैं। इस विवाद को लेकर अमेरिका से ज्यादा रूस ने अपनी सक्रियता दिखाई है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान रूस की इस महत्वकांक्षा से पर्दा भी उठ गया। जब भारत और चीन के विदेश मंत्री बॉर्डर पर शांति को स्थापित करने के लिए सहमत हुए तो रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इसका क्रेडिट लिया। उन्होंने तब कहा था कि मॉस्को ने चीन और भारत को एक मंच प्रदान किया है, जिसका उद्देश्य सीमा पर शांति को स्थापित करना है।

**भारत और चीन में शांति स्थापित कर रहा रूस:** साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों को अब भी संदेह है कि मॉस्को में हुआ शांति समझौता वास्तव में कितने देर तक टिका रहेगा। जबकि, दोनों देशों के हजारों की संख्या में सैनिक एक दूसरे की फायरिंग रेंज में मौजूद हैं। लेकिन, इसके जरिए रूस एक बार फिर खुद को वैश्विक विवादों को हल करने वाले देश के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।